# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, भभुआ

Email ID- bhabua.rwd@gmail.com , Mob.- 8986915314


पत्रांक...765......                भभुआ/दिनांक...05-06-2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, भभुआ।

सेवा में,

श्री रिषभ रवि,
ग्राम-बहुआरा, पोस्ट-बरैला,
जिला-रोहतास।

विषय :- शीर्ष GTSNY योजनान्तर्गत पूर्ण किये गये पथ **Balubheria To T01** में एकरारनामा के प्रावधानों के अनुसार पथों के पाँचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा विषयांकित पथ का कार्य सम्पन्न कराया गया है। एकारानामा के अनुसार मूल कार्य पूर्ण होने के पश्चार्त नियिमित पाँचवर्षीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य करना अपेक्षित है।

स्थल निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया है कि पाँचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं कराए जाने के कारण पथ अनेक पथांशों में क्षतिग्रस्त है। यह अत्यन्त ही खेदजनक है। आपको निदेशित किया जाता है कि विषयांकित पथ का 03 (तीन दिनों के अन्दर) यानि दिनांक 08.06.2021 तक अनुरक्षण कार्य कराना सुनिश्ति किया जाये। इस कार्य को युद्ध स्तर पर करना अतिआवश्यक है। आपके द्वारा अनुरक्षण नहीं किये जाने की स्थिति में एकरारनामा की सुसंगत कंडिका के आलोक में कार्रवाई की जायेगी एवं आपके निबंधन को काली सूची में दर्ज करने की उच्चाधिकारियों से अनुशंसा कर दी जायेगी एवं कार्य को विभागीय रूप से कराया जायेगा, जिसकी वसूली प्रमंडल में चल रहे अन्य कार्यों की विपत्र से वसूली की जायेगी। यदि उससे राशि समायोजित नहीं होती है तो शेष राशि के वसूली हेतु आप पर Certificate Case भी दर्ज किया जायेगा।

कृपया कठोरता से इसका अनुपालन किया जाये।

विश्वासभाजन

05/06/21

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल भभुआ।

05.6.21

Maint.66

Scanned with CamScanner